हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

9 गांव खरखड़ा के पास हाइवे पर कट खोलने की मांग...



10 राष्ट्रीयता के सजग प्रहरी और नवजागरण के अग्रदूत थे हिंदी पत्रकारिता के मसीहा बाबू बालमुकुंद गुप्तः विधायक



# इस बार दस दिन के होंगे नवरात्र, ग्यारहवें दिन मनाया जाएगा दशहरा पर्व

**तिथि की वृद्धि को माना जाता है शुभ, हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ इस बार 22 सितंबर, सोमवार से होने जा रहा है। प्रतिपदा से लेकर नवमी तक मां दुर्गा के नौ रूपों की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। इस बार खास बात यह है कि नवरात्रि 9 नहीं, अपितु 10 दिनों की रहेगी और 11वें दिन विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। उनका कहना है कि तिथि की यह वृद्धि अत्यंत शुभ मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य पं. रामदत्त शर्मा झाड़ौदा का कहना है कि नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न 9 स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। वैसे तो माता सिंह की सवारी करती हैं, लेकिन नवरात्रि में जब धरती पर आती हैं तो उनकी सवारी बदल जाती है। मां जगदंबे के आगमन की सवारी नवरात्रि के प्रारंभ वाले दिन पर निर्भर करती है। यानी नवरात्रि की शुरूआत जिस दिन होती है, उस दिन के आधार पर उनकी सवारी तय होती है। इसी प्रकार से वह जिस दिन विदा होती हैं, उस दिन के आधार पर प्रस्थान की सवारी तय होती है। उनका कहना है कि शास्त्रों में भी उल्लेख है कि मां दुर्गा के अलग-अलग वाहन यानि कि दिन के अनुसार होते हैं। नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी वाहन होते हैं। मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है।यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में आती है तो हैं जो जन-धन हानि के संकेत बताता है। बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरूआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है।





रेवाड़ी। बारा हजारी दुर्गा मंदिर में सजी माता की भव्य प्रतिमा,लाइटों से जगमग दुर्गा माता मंदिर। फोटो :हरिभूमि

### मां के प्रस्थान की सवारी के संकेत

पं. शर्मा का कहना है कि यदि नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो रहा है, तो मां दुर्गा भैंसे पर सवार होकर आती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां जगदंबे मुर्गे पर सवार होकर जाती हैं, जो कष्कारी होता है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त होती है, तो मां की वापसी हाथी पर होती है, जो अधिक वर्षा को ओर संकेत करता है। इसके अलावा यदि नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती हैं, जो सुख और शांति की वृद्धि की ओर इशारा करता है।

### नवरात्र की तैयारियों में जुटे लोग

नवरात्र की तैयारियों में शहर के विभिन्न मंदिरों, शिवालयों व संगठनों की संचालन कमेटी नवरात्र की तैयारी में जुटी हैं। बारा हजारी के व अन्य दुर्गा मंदिरों में नवरात्रों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इन मंदिरों को बाहर से कारीगर बुलाकर सजाया जा रहा है। मंदी की मार झेल रहे दुकानदारों को भी नवरात्र के दौरान अच्छी बिक्री की उम्मीद है, जिससे दुकानदारों ने सजावट शुरू कर दी है। नवरात्र के साथ ही त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है, जो दीवाली पर्व तक चलेगा।

## दहेज उतपीड़न मामले में एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष एक महिला ने पुलिस शिकायत में पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिर नहीं चढ़ने के कारण पुलिस ने 19 अप्रैल को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में महेंद्रगढ़ के नौताना निवासी संदीप को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### झगड़ा करने व धमकी का आरोपी काबू

धारूहेड़ा। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने झगड़ा करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर कस्बे के वार्ड नं. 4 निवासी छत्रपाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत गत 8 अगस्त को केस दर्ज किया था। केस दर्ज करने के बाद से आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर था। पुलिस ने आरोपी छत्रपाल को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### प्रिवेंशन एक्शन के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

कुंड। थाना खोल पुलिस ने टींट गांव में झगड़े की आशंका को देखते हुए प्रिवेंशन एक्शन के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत के आधार पर प्रिवेंशन एक्ट की धाराओं के तहत रवि कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए हवालत में बंद कर दिया। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसे के बाद फरार चालक काबू

कोसली। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में 14 फरवरी को हुए हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस हादसे में एक युवक घायल हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी चालक की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने महेंद्रगढ़ के सांझरवास निवासी कमलेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### नाबालिग लड़के का सुराग नहीं लगा

रेवाड़ी। सेक्टर-4 से करीब 14 साल का बच्चा घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सेक्टर निवासी मनीष अघ्यी ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसका बेटा गोपाल उफ गोमशी 16 सितंबर को दोपहर के समय घर से कहीं चला गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसके बेटे का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज दर्ज करने के बाद बच्चे की तलाश शुरू की हुई है, लेकिन तीन दिन बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका।

### एमएलए अनिल आज सुनेंगे समस्याएं

डहीना। कोसली के एमएलए अनिल यादव 19 सितंबर को बीडीपीओ कार्यालय डहीना में जनसमस्याएं सुनेंगे। एमएलए के निजी सचिव ने बताया कि अनिल यादव नियमित रूप से हलके के लोगों की समस्याएं सुनकर उनका तुरंत समाधान कराने का प्रयास करते हैं। लोगों की सुविधा को देखते हुए वह अलग-अलग स्थानों पर समस्याएं सुनते हैं, ताकि लोगों को घर के पास ही समस्याओं का समाधान कराने का मौका मिल सके। इसी कड़ी में शुक्रवार को डहीना बीडीपीओ कार्यालय में समस्याएं सुनी जाएंगी।

## नागरिक अस्पताल को ट्रामा सेंटर से जोड़ने वाले एफओबी की लिफ्ट शुरू होने से मरीजों को फायदा

# एफओबी की लिफ्ट का इंतजार, कार्य पूरा होने के बाद भी सरकुलर रोड से शिफ्ट हो रहे मरीज

**नागरिक अस्पताल में रोजाना 1800 से 2000 लोगों की ओपीडी हो रही**

**लिफ्ट नहीं लगने से मरीजों व शवों को ट्रैफिक के बीच स्ट्रेचर से नागरिक अस्पताल में शिफ्ट किया जा रहा**

हरिभूमि ▶▶| रेवाड़ी

नागरिक अस्पताल को ट्रामा सेंटर को जोड़ने वाले फुट ओवरब्रिज का कार्य भले ही पूरा हो चुका है और पैदल जाने वाले लोग व नागरिक अस्पताल स्टाफ फुट ओवरब्रिज का इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन एफओबी की लिफ्ट का कार्य पूरा होने के बाद भी पांच महीने से लोगों को सुविधा मिलने का इंतजार है। प्रशासन की सुस्ती के कारण लिफ्ट चालू न होने से अभी भी मरीजों को सरकुलर रोड से स्ट्रेचर पर शिफ्ट किया जा रहा है। एफओबी में नागरिक अस्पताल व ट्रामा सेंटर के दोनों ओर लिफ्ट का कार्य पूरा हो चुका है। एफओबी के बनने से ट्रामा से नागरिक अस्पताल में जाने के लिए पैदल नागरिकों के लिए तो सफर तो काफी सुगम हो गया है, लेकिन ट्रामा सेंटर से मरीजों व डेडबॉडी को अभी भी सरकुलर रोड से स्ट्रेचर पर ही शिफ्ट किया जा रहा है।

एफओबी पर ट्रामा सेंटर व नागरिक अस्पताल के दोनों ओर दो-दो लिफ्ट तैयार हो चुकी है। एक लिफ्ट में स्ट्रेचर से मरीजों को शिफ्ट किया जाएगा तथा दूसरी लिफ्ट दिव्यांगों व अन्य मरीजों के लिए रहेगी। बाकी लोग स्टेयर्स का इस्तेमाल करके ट्रामा सेंटर व नागरिक अस्पताल में आवागमन कर सकते है। 2019 में फुट ओवरब्रिज को मंजूरी के बाद कार्य 2023 में एफओबी का कार्य शुरू हो गया था। नागरिक अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर के बीच शहर का प्रमुख सरकुलर रोड पड़ता है। ट्रॉमा सेंटर में उपचार के बाद भर्ती करने के लिए मरीजों को नागरिक अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ता है। मौत होने की स्थिति में शवों को भी ट्रामा सेंटर से अस्पताल ले जाया जाता है। लिफ्ट नहीं लगने से मरीजों व शवों को ट्रैफिक के बीच स्ट्रेचर से नागरिक अस्पताल में शिफ्ट किया जा रहा है।







रेवाड़ी। ट्रामा सेंटर में एफओबी की तैयार लिफ्ट,नागरिक अस्पताल में एफओबी की तैयार लिफ्ट, एफओबी के ऊपर लिफ्ट का कार्य पूरा। फोटो :हरिभूमि

### रोजाना दो हजार के करीब ओपीडी

नागरिक अस्पताल में मल्टी स्पेशियलिटी नए भवन को 2017 में शुरू किया गया था। नया भवन बनने के बाद अस्पताल में ओपीडी भी काफी बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल में रोजाना 1800 से 2000 लोगों की ओपीडी ली जा रही है। सरकुलर रोड के एक तरफ ट्रामा सेंटर व दूसरी तरफ नागरिक अस्पताल है। टैफिक की समस्या को लेकर एफओबी का निर्माण किया गया, लेकिन एफओबी बनने के बाद भी लोगों को पूरी सुविधा नहीं मिल पाई है। लिफ्ट कार्य पूरा होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### ट्रामा सेंटर में मोर्चरी बनाने का दिया था सुझाव

किसी भी दुघर्टना में गंभीर घायल व इमरजेंसी सेवा के लिए मरीज को पहले ट्रामा सेंटर में लाया जाता है। इसके बाद नागरिक अस्पताल में शिफ्ट किया जाता है। पोस्टमार्टम रूम नागरिक अस्पताल में ही बना हुआ है। ट्रामा सेंटर में घायल व्यक्ति की मौत होने पर उसे सरकुलर रोड से स्ट्रेचर पर नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट किया जाता है। पिछले दिनों निरीक्षण के दौरान एनएचएम के डायरेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ट्रामा सेंटर में ही मोर्चरी बनाने का सुझाव दिया था। ट्रामा सेंटर में मोर्चरी बनने से मृतक को नागरिक अस्पताल में शिफ्ट करने की समस्या भी खत्म हो जाएगी।

## भक्ति उम्र की मोहताज नहीं, आत्मा का परमात्मा से रिश्ता ही भक्तिः निरंकारी राजपिता





रेवाड़ी। निरंकारी संत समागम में प्रवचन देते राजपिता रमित व उपस्थित श्रृद्धालु।

रेवाड़ी। निरंकारी राजपिता रमित ने कहा कि भक्ति आत्मा का परमात्मा से रिश्ता है। यह एक विशेष अवस्था की बात नहीं है। आत्मा का कल्याण इस परमात्मा की प्राप्ति के बाद होता है। इस परमात्मा के दर्शन करके होता है और ये कल्याण करने का अवसर इस मानव तन में मिला है। ये मानव जन्म ऐसा अनमोल अवसर है, जिसमें हर मानव इस परमात्मा की प्राप्ति करके, इस परमात्मा के दर्शन करके, तत्व रूप से दर्शन करके अपनी आत्मा का कल्याण कर सकता है। इस आत्मा को अपने परमपिता इस विशाल, असीम रूप से मिलवा सकता है। निरंकारी राजपिता रमित डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास हुडा ग्राउंड में आयोजित निरंकारी संत समागम में प्रेमियों की आशीर्वचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि निरंतर हम पढ़ते हैं, सुनते हैं कि मानव जन्म 84 लाख योनियों बाद मिला है। ये आत्मा भटक चुकी है। इतनी अज्ञानता में है कि बार-बार ये आवाज दी जा रही है। संत महापुरुष ये आवाज देते हैं कि ये जो मानव तन मिला है, इसमें रहते रहते आत्मा का कल्याण किया जा सकता है। सतगुरु की शरण में जब कोई शीश झुकाता है तो एक क्षण में इस परमात्मा के दर्शन सतगुरु कराते हैं। यही सतगुरु की दयालता है, यही सतगुरु की पहचान है कि किसी और विधि और कर्मकांड में नहीं डालते।

# लार्वा मिलने पर ढाई हजार से अधिक लोगों को नोटिस

**डेंगू मरीजों की संख्या 181 पर पहुंची, फोगिंग कार्य न होने व लोगों की लापरवाही से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा**

- स्वास्थ्य विभाग की ब्रीडिंग चेकर टीम 1853681 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में डेंगू पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। फोगिंग कार्य न होने व लोगों की लापरवाही से मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है। डेंगू के मामलों ने भी काफी रफ्तार पकड़ी हुई है। वीरवार का 6 डेंगू पॉजिटिव नए मरीज मिलने से संख्या 181 पर पहुंच गई है। इसके अलावा मलेरिया के भी 14 केस मिल चुके है। गत वर्ष 2024 में डेंगू के 411 केस मिले थे। अभी तक मिले डेंगू मरीजों में 154 की प्राइवेट व 27 मरीजों की सरकारी लैब से पुष्टि की गई है। जिला मलेरिया अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डा. अमित यादव के मार्गदर्शन में हेल्थ इंस्पेक्टरों की टीम डेंगू की रोकथाम के लिए घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य कर रही है तथा घरों में लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी दिए जा रहे है। अब तक लार्वा मिलने पर 2524 से लोगों को नोटिस दिए जा चुके है। स्वास्थ्य विभाग की ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1853681 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है।





रेवाड़ी। गमलों में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी, लार्वा मिलने पर व्यक्ति को नोटिस देते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### अब तक शहर से मिले सबसे ज्यादा केस

*इस सीजन में अभी तक डेंगू के 181 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है। जिले में अभी तक शहर में 67, बावल सीएचसी में 40, मीरपुर सीएचसी में 18, खोल सीएचसी में 37, गुरावड़ा सीएचसी में 8 तथा नाहड़ सीएचसी के अर्न्तगत 11 डेंगू के मरीज मिल चुके है। अब तक 2965 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है। वीरवार को नागरिक अस्पताल में 42 व प्राइवेट लैब में 7 सहित 97 लोगों के ब्लड सेंपल लिए गए। अस्पतालों में फिलहाल डेंगू के 6 मरीज एडमिट है। अभी तक 63 मरीज ठीक होने पर डिस्चार्ज किए जा चुके है।*

**खेतों में किसानों की परेशानी एक बार फिर से बढ़ी, आज से आसमान साफ होने की संभावना**

# मौसम ने अचानक मारी पलटी, शहर में आधे घंटे तक झमाझम बारिश

**कपास की फसल भी तैयार हो रही है, जो भीगने के बाद पीली पड़कर खराब हो सकती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दस दिन से आसमान साफ रहने के बाद एक बार फिर से मौसम पलटी मार गया। दोपहर बाद जिले के कई भागों में झमाझम बारिश हुई, जिससे हवा में नमी का स्तर बढ़ने से उमस भरी गर्मी ने जमकर परेशान किया। खेतों में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बन गई। मौसम जल्द साफ होने की संभावना जताई जा रही है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप खिली। गर्मी का असर बरकरार रहा। अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 21.6 डिग्री पर आ गया। दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादल छा गए। शाम के समय कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। लगभग आधे घंटे तक बरसात के बाद मौसम फिर से साफ हो गया। हवा में नमी का स्तर बढ़कर 75 प्रतिशत तक हो गया। हवाओं की रफ्तार 6 किमी प्रति घंटा रही। हल्की बारिश के बाद वातावरण में नमी आ गई, जिससे लोगों को शाम तक उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार 18 सितंबर को एक बार फिर आसमान साफ रह सकता है। भारी बारिश की अभी कोई संभावना नहीं है। तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बाद में लगभग एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है।



रेवाड़ी। वीरवार दोपहर को आई बरसात में अनाजमंडी में तिरपाल से ढका बाजारा। फोटो :हरिभूमि

### किसानों के दिलों की धड़कन बढ़ी

*शाम के समय हुई बारिश ने किसानों के दिलों की धड़कन एक बार फिर से बढ़ा दी। किसान बाजरा फसल की कटाई और निकालने के कार्य में लगे हुए हैं। मानसून की बारिश फसलों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा चुकी है। इस समय होने वाली बारिश बची हुई फसल को भी खराब कर सकती है। मंडियों में बाजरे की आवक तेज होने लगी है। बारिश के बाद किसान फसल खराब होने की आशंका से चिंतित नजर आने लगे हैं। कपास की फसल भी तैयार हो रही है, जो भीगने के बाद पीली पड़कर खराब हो सकती है। रुई का रंग बदलने से बाजार में उसके सही दाम नहीं मिलते। ऐसे में किसान जल्द मौसम साफ होने की कामना कर रहे हैं।*

स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन



फिक्शनल कैरेक्टर

शिखर चंद जैन



बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।

**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टोड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

# खेलगीतों का अनूठा संकलन



बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *

**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले

**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।

-खुशबू, ईमेल से

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

-कमल, रायपुर

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।

-साकेत, बिलासपुर

## जीके क्विज-171



1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?

बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर,अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर



कहानी

विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहनें हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता

सुरेंद्र विक्रम



# पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

**रंग भरो-185** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



वेदिका, बालोद



इज्यान, सूरजपुर



लक्षिका, कोरबा



अदिति, बंजारी



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की दी जानकारी

**बावल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण माह के दौरान गांव ओढ़ी में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग की सुपरवाइजर सोनी ने महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। सुपरवाइजर ने बताया कि स्वस्थ मां और बच्चे के लिए अच्छा व पौष्टिक भोजन ही सबसे उत्तम आहार है। उन्होंने कहा कि इस माह को पोषण माह के रूप में मनाते हुए विभाग घर-घर और गांव-गांव जाकर महिलाओं व बच्चों को स्वास्थ्य सुधारने के लिए जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि कुपोषण को जड़ से मिटाने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी महिलाओं को पोषण युक्त भोजन, आयरन व कैल्शियम युक्त आहार, मौसमी फल-सब्जियां और दालों को आहार में शामिल करने की सलाह दी। महिलाओं ने भी संतुलित आहार अपनाने और बच्चों को पोषणयुक्त भोजन देने का संकल्प लिया। विभाग की टीम ने ग्रामीणों से अपील की कि वे दूसरों को भी जागरूक करें ताकि हर घर में स्वस्थ्य और कुपोषण मुक्त वातावरण बन सकें।

### औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के गांवों का संपर्क सुगम होगा

# गांव खरखड़ा के पास हाईवे पर कट खोलने की मांग, मंत्री को भेजा पत्र

इससे एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को तेजी से आवाजाही में मदद मिलेगी। शैक्षणिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा


रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर हाइवे पर दीवार बनाकर बंद किया गया खरखड़ा कट। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वर्तमान में कंक्रीट की दीवार बनाकर सभी कट बंद किए जा रहे है। नेशनल हाइवे ऑथोरिटी की ओर से राजमार्ग पर केवल 32 कट खोले जाने की अनुमति दिए जाने को लेकर ग्रामीणों ने गांव खरखड़ा के पास हाइवे पर एंट्री और एग्जिट के लिए कट खोलने की मांग को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, नेशनल हाइवे ऑथोरिटी के चेयरमैन व रेवाड़ी एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को मांग पत्र भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि बैगर प्वाइंट पर कट खुलने से न केवल खरखड़ा, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों, औद्योगिक इकाइयों और शैक्षणिक संस्थानों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि गांव खरखड़ा और इसके आसपास राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आईटीआई, औद्योगिक क्षेत्र, रेवाड़ी विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित कॉलोनियां, औद्योगिक प्लांट और करीब दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाले मार्ग शामिल हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान में कट बंद होने से छात्रों, कर्मचारियों और आम लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ता है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बबार्दी होती है।

#### सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने कहा कि कट खुलने से शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सीधा व सुरक्षित मार्ग मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के गांवों का संपर्क सुगम होगा। एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को तेजी से आवाजाही में मदद मिलेगी। क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। ग्रामीण प्रकाश यादव, सतीश, अजीत, मोहन, दिनेश, सुंदरलाल, रोहित, रामेश्वर, रमेशकुमार, सुनील कुमार व संदीप सहित अनेक लोगों ने मांग पर सरकार से शीघ्र कार्यवाही की अपील की है। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी पुरानी मांग को देखते हुए पूर्व में एक फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी किया जा चुका है, लेकिन जब तक यहां कट नहीं खुलता, तब तक आम लोगों की परेशानी खत्म नहीं होगी। ग्रामीणों ने कहा कि हाइवे पर कट खुलना स्थानीय जनता की बुनियादी जरूरत है।

## न्यूज डायरी

### श्रमिकों को दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**रेवाड़ी।** श्रम विभाग की ओर से श्रमिकों के कल्याण के लिए आगामी 2 अक्टूबर तक जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों से श्रमिकों को जागरूक किया जा रहा है। श्रम विभाग के सहायक निदेशक दिनेश यादव ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत विभाग की ओर से जिले के लेबर चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

### समय पर बिजली बिल जमा करें उपभोक्ता: अनीश



**कोसली।** हरियाणा बिजली वितरण निगम की कोसली डिवीजन के कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार ने कहा कि सभी उपभोक्ता समय पर अपने बिजली बिलों की अदायगी करें। बिजली निगम की यही कोशिश है कि सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति दी जाए। कोसली एसडीओ ऑफिस में वीरवार को बिजली वितरण निगम की ओर से शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकारी अभियंता ने स्वयं उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी और उनका निवारण किया। उन्होंने कहा कि कोसली डिवीजन हरियाणा की बेहतरीन बिजली डिवीजनों में से एक है।

### गर्ल्स कॉलेज में तीन दिवसीय पौधारोण अभियान शुरू



**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में वीरवार को सेवा पखवाड़ा के पौधारोपण अभियान चलाया गया। यह अभियान 20 सितंबर तक चलेगा, जिसमें महाविद्यालय परिसर व उसके आसपास के क्षेत्र में पौधे रोपित किए जाएंगे। कॉलेज की एनएसएस टीम, इको क्लब टीम और एंटी ड्रग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य सत्येंद्र सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. स्वाति व डा. रजनी, इको क्लब अधिकारी डा. राजेश कुमारी तथा एंटी ड्रग क्लब अधिकारी डा. सुनील तोबडिया ने महाविद्यालय परिसर में आम व जामुन के फलदार पौधे रोपित किए। प्राचार्य सत्येंद्र सिंह ने छात्राओं को कार्यक्रम का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें सुरक्षित करने का छात्राओं से आह्वान किया।

### शिकायत लंबित न रखें विभागग के अधिकरी: डीसी



**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का अधिकारी तत्परता से समाधान करें। कोई भी शिकायत लंबित न रखें, शीघ्र कार्यवाही करते हुए शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान आमजन की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने सेक्टर-1 में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या पर डीसी ने एचएसवीपी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज की सफाई कराएं और लोगों को राहत पहुंचाएं।

### स्मृति दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**रेवाड़ी।** सेना शिक्षा कोर के पूर्व सूबेदार चंदन सिंह के दसवें स्मृति दिवस पर उनके परिवार की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निमोठ में मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा पहली से बारहवीं तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। शिक्षक हेमन्त शेखावत केमिस्ट्री लेक्चरर समारोह में मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या दीपिका यादव ने की। सामाजिक कार्यकर्ता कॉमरेड राजेन्द्र सिंह व सरपंच रामस्वरूप भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। स्मृति समिति के संयोजक कॉमरेड सत्यवान ने सूबेदार चंदन सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। कॉमरेड सत्यवान ने विद्यालय के अध्यापकों की बेहतर शिक्षण के लिए सराहना की।

### हेल्थ कैंप में 200 मरीजों ने कराई नेत्रों की जांच



**कोसली।** कोसली के बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ में वेणु आई इंस्टीट्यूट व रिसर्च सेंटर नई दिल्ली के सहयोग से आंखों की जांच व ऑपरेशन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डीएसपी कोसली विद्यानंद ने किया। शिविर में आए 200 रोगियों की मशीन से जांच की गई व निःशुल्क दवाईयां दी गई। 50 नेत्र रोगियों को सर्जरी के लिए चयनित किया गया। 15 रोगियों को संस्थान के सुरेहली गांव स्थित सेंटर में भेज कर सर्जरी की गई तथा अन्य को अगले सप्ताह की डेट प्रदान की गई। नेत्र रोगियों को आवश्यकता अनुसार परामर्श, दवा व चश्मे के नंबर दिए गए। इस अवसर पर बाबा शिवपुरी महाराज, बार प्रधान जयकिशन ढिल्लो, संजय यादव एडवोकेट, कोसली सरपंच रामकिशन जांगड़ा, सीएम विंडो एनिमेट पर्सन सरोज यादव, कर्नल सत्यबीर सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रधान महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोक कल्याण मेला आज



**रेवाड़ी।** नगर परिषद ईओ सुशील कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 2 अक्टूबर तक लोक कल्याण मेले लगाएं जाएंगे। नगर परिषद की ओर से 19 सितंबर को शहर के अग्रसेन चौक पर लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी रेहड़ी-फड़ी वाले लाभार्थी आकर स्वनिधि योजना का लाभ उठा सकते है। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों ने पूर्व में 10 हजार रूपए का लोन लिया हुआ है वे 25 हजार रूपए के लोन के लिए कैंप में और अन्य कार्यदिवस पर नगर परिषद के कमरा नंबर 103 में सम्पर्क कर सकते है। ईओ ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पिछले आठ महीने से बंद थी, जिसे सरकार ने दोबारा शुरू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत 15 हजार, 25 हजार व 50 हजार रूपए के लोन सभी रेहड़ी-फड़ी वालों को तीन चरणों में दिए जाएंगे। आगामी 24 सितंबर को धारूहेड़ा व 25 सितंबर को बावल में लोक कल्याण मेलों का आयोजन किया जाएगा।

# नई वोटर लिस्ट तैयार करने को लेकर हुई बैठक

■ नई वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए कोसली विस में चलेगा एसआईआर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली


रेवाड़ी। बीएलओ व सुपरवाइजर की बैठक लेते एसडीएम विजय कुमार यादव।

कोसली के एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी विजय कुमार यादव ने कहा कि जल्द ही कोसली विधानसभा क्षेत्र के सभी 276 मतदान केंद्रों की नई वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन यानि एसआईआर अभियान शुरू किया जाएगा। अगले माह अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में करीब तीन महीने तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर मतदाताओं का फिजिकल सर्वे किया जाएगा। एसडीएम विजय कुमार यादव वीरवार को अपने कार्यालय में बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि हर 25 साल के बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाता है। इस बार यह अभियान अगले महीने अक्टूबर माह से शुरू किया जाएगा, जिसमें वर्ष 2002 की मतदाता सूची और वर्तमान वोटर लिस्ट को आधार मानकर नई वोटर लिस्ट तैयार की जाएगी, जिन लोगों के नाम 25 साल पहले की वोटर लिस्ट में शामिल हैं, उनके परिवार से नए बने मतदाताओं को फार्म भर कर यह बताना होगा कि उनके अभिभावक पहले से सूची में शामिल हैं

#### ये बोले एसडीएम

एसडीएम ने कहा कि इस अभियान में मतदाता की भारतीय नागरिकता की भी पुष्टि की जाएगी। जो लोग पड़ोसी देश से आकर यहां बस गए हैं तो उनको भारत का नागरिक होने की पहचान साबित करनी होगी। कोई व्यक्ति अपनी नागरिकता को साबित नहीं कर पाया तो उसका वोट काट दिया जाएगा। एसडीएम ने सभी सुपरवाइजर को समझाया कि भारत निर्वाचन आयोग की यह एक सामान्य प्रक्रिया है और हर 25 साल में इसे दोहराया जाता है।

### प्रोफेसर पर जानलेवा हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** ऑल हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन एवं एक्सटेंशन लेक्चरर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के सभी कॉलेजों में कार्यरत प्राध्यापकों ने प्रोफेसर डा. प्रवीण ढांडा प्रोफेसर पर पंचकूला में हुए जानलेवा हमले के विरोध में एक घंटे का धरना दिया और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एक्सटेंशन लेक्चरर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य प्रधान ईश्वर सिंह और राजकीय महाविद्यालय बावल के प्राध्यापक मनीष कुमार व डा. इंद्रजीत सिंह ने बताया कि डा. प्रवीण ढांडा पंचकूला कॉलेज में शारिरिक शिक्षा विषय में प्राध्यापक हैं और पूरे कॉलेज का अनुशासन सम्भालते हैं। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर को कॉलेज के बाहर कुछ अज्ञात लोगों ने लाठी, डंडे और तलवार से डा. ढांडा पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया, जिससे उन्हें चंडीगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। कुछ दिन पहले भी उन पर अज्ञात लोगों ने हमला किया था, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज


रेवाड़ी। प्रोफेसर पर हमले के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए प्राध्यापक।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व समाजिक कार्यकर्ता।

### स्वामी शरणानंद की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन

**रेवाड़ी।** गांव दड़ौली स्थित श्रीमद् भागवत सेवा आश्रम में स्वामी शरणानंद महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। आश्रम के संचालक स्वामी सम्पर्णानंद महाराज ने कहा कि स्वामी शरणानंद महाराज ने जन-जन की आत्मा में श्रद्धा, प्रेम, भक्ति स्थापित की। उनका स्वभाव सरल भाषा, अद्भुत, आदित्य, कौशल था। स्वामी शरणानंद परम गोभक्त भी थे। स्वामी ने गोशालाओं में सहयोग देने के लिए जनता को प्रेरित भी किया। इस मौके पर स्वामी सम्पर्णानंद महाराज के सानिध्य में नव स्थापित गोशाला संघ की बैठक भी आयोजित की गई। स्वामी ने कहा कि शहीद गोरक्षक देवेंद्र यादव उर्फ सोनू सरपंच ने गो माताओं के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

# तेल डिपो के चालक से मारपीट कर लूट का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना परिसर।

करनावास के पास बुधवार की रात होटल पर खाना खाने जा रहे तेल डिपो के एक चालक को रोककर कुछ लोगों ने मारपीट करते हुए लूट का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पहुंच गए। लोगों ने चार आरोपियों को मौके पर ही काबू करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। फरार हुए एक आरोपी को पुलिस ने रात को ही कार सहित गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ मॉडल टाउन थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दर्ज शिकायत में राजस्थान के बुहाना निवासी साजन कुमार ने बताया कि वह करीब 14 साल से रिलायंस कंपनी के तेल डिपो में ड्राइवर लगा हुआ है। वह डिपो के पास ही किराए की दुकान में रह रहा है। बुधवार की रात करीब साढ़े 11 बजे वह पास में ही एक होटल पर खाना खाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति ने उसका रास्ता रोक लिया। उससे बैग और पैसे देने को कहा। मना करने पर वह मारपीट करने लगा। इसके बाद एक वैगन-आर कार उसके पास आकर रुकी। उसमें सवार चार लोगों ने उतरकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसने शोर मचाया तो आसपास व होटल पर मौजूद कई लोग वहां आ गए। इन लोगों ने चार बदमाशों को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि चालक कार लेकर भाग गया। सूचना देकर पकड़े गए चारों लोगों को मॉडल टाउन थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

#### पुलिस ने तुरंत काबू किया कार चालक

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद नाकेबंदी करते हुए कार चालक को भी काबू कर लिया। पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें यूपी के लछवाई निवासी अमन, रवि, राजेश, यूपी के कुशालपुर निवासी दलीप और राजस्थान के बहरोड़ निवासी त्रिलोक शर्मा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की कार भी कब्जे में ले ली। उनके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

**असुविधा** बीकानेर मंडल के सादुलपुर यार्ड में समपार फाटक चल रहा निर्माण कार्य

# बीकानेर मंडल पर निर्माण के कारण रेल यातातात प्रभावित

सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल के सादुलपुर यार्ड में समपार फाटक संख्या ए 142 पर आरयूबी निर्माण कार्य एवं दूधवाखारा-आसलू स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य के लिए 20 सितंबर को लिया जाने वाला ब्लॉक राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा के कारण अब 27 सितंबर को लिया जा रहा है। उत्तर पशिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा तथा उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं रद, आंशिक रद, मार्ग परविर्तित व रीशेड्यूल रहेंगी।



रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती ट्रेन।

#### प्रारम्भिक स्टेशन से रद रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर सवारी गाड़ी, गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी सवारी गाड़ी, गाड़ी संख्या 54316 हिसार-रेवाड़ी सवारी गाड़ी, गाड़ी संख्या 54315 रेवाड़ी-हिसार सवारी गाड़ी, गाड़ी संख्या 04705 श्रीगंगानगर-जयपुर स्पेशल रेलसेवा व गाड़ी संख्या 04706 जयपुर-श्रीगंगानगर स्पेशल रेलसेवा 27 सितंबर को रद रहेगी।

#### ये ट्रेन रहेंगी आंशिक रद

गाड़ी संख्या 54604 लुधियाना-चूरू रेलसेवा 26 व 27 सितंबर को लुधियाना से प्रस्थान करके हिसार तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा हिसार-चूरू के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54605 चूरू-लुधियाना रेलसेवा 27 व 28 सितंबर को चूरू के स्थान पर हिसार से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54764 श्रीगंगानगर-सादुलपुर रेलसेवा 27 सितंबर को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके सुरतपुरा तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54763 सादुलपुर-श्रीगंगानगर रेलसेवा 27 सितंबर को सादुलपुर के स्थान पर सुरतपुरा से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14897 बीकानेर-हिसार रेलसेवा 27 सितंबर को बीकानेर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14898 हिसार-बीकानेर रेलसेवा 28 सितंबर को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 04776 हनुमानगढ़-सादुलपुर रेलसेवा 27 सितंबर को हनुमानगढ से प्रस्थान करके सुरतपुरा तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04775 सादुलपुर-हनुमानगढ रेलसेवा 27 सितंबर को सादुलपुर के स्थान पर सुरतपुरा से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54704 जयपुर-बठिण्डा रेलसेवा 27 सितंबर को जयपुर से प्रस्थान करके लोहारू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54703 बठिण्डा-जयपुर रेलसेवा 28 सितंबर को बठिण्डा के स्थान पर लोहारू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार रेलसेवा 27 सितंबर को जोधपुर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर रेलसेवा 28 सितंबर को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर रेलसेवा 27 सितंबर को रेवाड़ी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया लोहारू-सीकर-चूरू होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा चिड़ावा, झुंझुनूं, नवलगढ, सीकर व फतेहपुर शेखावाटी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22422 जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा 27 सितंबर को जोधपुर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया डेगाना-फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी।

### भूप कॉलोनी में छत्त से गिरने पर व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** शहर की भूप कॉलोनी में छत से गिरने पर करीब 65 वर्षीय गोपीराम जांगिड़ की अकाल मौत हो गई। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गोपीचंद सवेरे घूमने-फिरने उपरांत घर आ गया था। घर पर आकर वह लेट भी गया था, लेकिन तभी बिजली चली गई। बिजली कटने पर उसने कुछ गर्मी एवं घबराहट महसूस की, जिस पर वह छत के ऊपर चला गया। जब वह छत पर टहल रहा था, तब उसको बैलेंस बिगड़ गया और वह तीन मंजिला भवन की छत से नीचे आ गिरा। गिरने से उसे चोटें लगी, जिस पर परिजन उपचार के लिए उसे शीघ्रता नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक गोपीचंद बढ़ई का कार्य करता था। उसे तीन लड़के हैं, जो तीनों ही कारपेंटर का कार्य करते हैं।



■ अवैध खनन के लिए प्रयोग होने वाले रास्ते को किया बंद : सहायक खनन अभियंता

### ट्रक को अवैध खनिज सहित पकड़कर किया बंद

नारनौल। जिला में अवैध खनन को लेकर खनन विभाग द्वारा निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सहायक खनन अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि एक ट्रक को अवैध खनिज सहित पकड़कर बंद करवाया गया। इसके अलावा खनन विभाग की टीम ने गांव बायल व पांचनौता में भी चेकिंग की। उन्होंने बताया की चेकिंग के दौरान दोनों गांवों में पहाड़ में जाने वाले रास्ते व अवैध खनन के लिए प्रयोग किए जाने वाले रास्तो पर जेसीबी मशीन से खाई व गड्ढे खुदवा कर रास्ते को बंद किया गया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए खनन विभाग की कार्यवाही आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगी।

**सरपंच ग्राम पंचायत बाबड़ौली**
खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा), सरपंच - आशा (9416140101)

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाबडौली, खण्ड-जाटूसाना (रेवाड़ी) में 12 कीकर के पेड़ों की खुली बोली दिनांक 29-09.2025 को प्रातः 11 बजे जनरल चौपाल बाबडौली में लगाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। बोली की शर्त मौके पर बताई जाएगी।

हस्ता/- आशा, सरपंच, ग्राम पंचायत, बाबडौली
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), Mob. No. : 8587094101

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**डहीना।** गांव निमोठ में करीब 45 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। गांव निवासी युवक सतपाल बीते बुधवार को अपने मकान के बगल में बैठक में आराम कर रहा था। मौका पाकर उसने फांसी का फंदा लगा लिया। काफी देर तक वह घर नहीं आया, तो परिजनों के देखने पर वह फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**रेवाड़ी।** डीएफसी की रेल लाइन पर वीरवार सुबह नंदरामपुर बास के पास एक युवक का शव बरामद हुआ है। उसकी मौत मालगाड़ी की चपेट में आने से हुई है। जीआरपी को सूचना मिली थी कि फ्रेट कॉरिडोर की लाइन पर एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान गांव ततारपुर निवासी 35 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका था।

### यादव कल्याण सभा का फ्री जांच कैंप रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 21 सितंबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में सुबह 9 से 11 बजे तक फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की जाएंगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एस पी यादव मेडिसिन, डा. आत्म प्रकाश यादव हड्डी रोग, डा. पवन यादव न्यूरो सर्जरी, डा. कंचन यादव नेत्ररोग व डा. कोमल यादव दंत रोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।

### जिला पॉवरलिफ्टिंग बैंच प्रेस चैंपियनशिप 28 को

**रेवाड़ी।** जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से जिला पॉवरलिफ्टिंग बैंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट किरणदीप, सेक्रेटरी आयाा रानी व ट्रेजरार विनोद कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन 28 सिंतबर को सेक्टर-2 बावल रोड स्थित पॉवर हाउस जिम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में पुरुष व महिला सब जूनियर, जूनियर, सीनियर व मास्टर्स वर्ग के पॉवर लिफ्टर भाग लेंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 28 सिंतबर को प्रतिभागियों का बॉडी वेट करने के बाद 11 बजे प्रतियोगिता शुरू की जाएगी।

### स्टेट जूनियर एथलेटिक्स के लिए ट्रायल 21 को

**कोसली।** करनाल के कर्ण स्टेडियम में 27 व 28 सितंबर को होने वाली 38वीं हरियाणा राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए जिले के खिलाड़ियों का ट्रायल कारौली के खेल मैदान में 21 सितंबर रविवार को होगा। चैंपियनशिप में अंडर 20,18,16 तथा अंडर-14 आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां भाग ले सकते हैं। एथलेटिक्स संघ के सचिव विशाल यादव व एथलेटिक्स कोच विकास पुनिया ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आघार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र व एक पासपोर्ट साइज फोटोलेकर आना होगा।

### पोषण ही जीवन की आधारशिला: डॉ. पूर्ण प्रभा

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. नीतू शर्मा व डॉ सोमवीर थे। उन्होंने पोषण के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, महिलाओं व बच्चों में पोषण की विशेष आवश्यकता, कुपोषण से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

---

### आईजीयू में बाबू बालमुकुंद गुप्त स्मृति समारोह संपन्न

# नवजागरण के अग्रदूत थे हिंदी पत्रकारिता के मसीहा बाबू बालमुकुंद गुप्त : विधायक

- विचार गोष्ठी, पुरस्कार व पुस्तक लोकार्पण रहे मुख्य आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी





रेवाड़ी। कार्यक्रम में साहित्यकारों को सम्मानित करते अतिथि तथा आईजीयू मीरपुर में आयोजित बाबू बालमुकुंद गुप्त स्मृति समारोह में मौजूद गणमान्य लोग।

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के मसीहा बाबू बालमुकुंद गुप्त राष्ट्रीयता के सजग प्रहरी और नवजागरण के अग्रदूत थे। हिंदी पत्रकारिता, साहित्य एवं भाषा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव वीरवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के पटेल भवन में आयोजित बाबू बालमुकुंद गुप्त स्मृति समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह की। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के हिंदी तथा हरियाणवी प्रकोष्ठ के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी मुख्य वक्ता तथा पद्मश्री से अलंकृत वरिष्ठ साहित्यकार डा. संतराम देशवाल सोनीपत व बाल मुकुंद गुप्त के प्रपौत्र बिमल गुप्त विशिष्ट अतिथि थे। परिषद के संरक्षक नरेश चौहान ने स्वागत अध्यक्ष की भूमिका निभाई। विचार गोष्ठी, बाबू बालमुकुंद गुप्त पुरस्कार तथा पुस्तक लोकार्पण इस समारोह के मुख्य आकर्षण रहे।

बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद, अकादमी तथा विवि की बाबू बालमुकुंद गुप्त पीठ की संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदेशभर से साहित्यकारों में भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक ने परिषद की लंबित मांगों को प्रदेश सरकार से प्राथमिकता से पूरा कराने का आश्वासन दिया। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने विश्वविद्यालय की पीठ के माध्यम से गुप्तजी पर बहुआयामी कार्य कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष ऋषि सिंहल ने शाब्दिक अभिनंदन, बाबू बालमुकुंद पीठ की अध्यक्ष प्रोफेसर रोमिका बत्रा ने पीठ परिचय,रेडियो सिंगर दलबीर फूल ने स्वरांजलि तथा युवा कवि मुकुट अग्रवाल ने काव्य पाठ किया। समारोह में जहां अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए हरियाणवी बोली को भाषा बनाने की की अकादमी की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की तथा गुप्त जी का भावपूर्ण स्मरण किया, वहीं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री से अलंकृत वरिष्ठ साहित्यकार डा. संतराम देशवाल ने पीठ के दायित्व एवं गुप्त जी रचनाधर्मिता पर बेहद प्रासंगिक शोधपरक जानकारी दी।

#### इन्हें किया गया सम्मानित

समारोह में बाल मुकुंद गुप्त के प्रपौत्र बिमल गुप्त की ओर से पांच पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें जाने-माने दिवंगत हास्य कवि अल्हड़ बीकानेरी को मरणोपरांत बाबू बालमुकुंद गुप्त कोहेनूर सम्मान का अलंकृत किया गया, जिसे उनके सुपुत्र दिनेश शर्मा तथा पुत्रवधू अंजू शर्मा ने ग्रहण किया। हिंदी व हरियाणवी के लिए चार वरिष्ठ रचनाकारों प्रख्यात कथाकार व समालोचक रत्नकुमार सांभरिया (जयपुर), कथाकार-कवि प्रोफेसर रमेश सिद्धार्थ रेवाड़ी, उपन्यासकार-लेखक डा. मधुकांत रोहतक तथा हरियाणवी कवि डा. त्रिलोकचंद फतेहपुरी महेंद्रगढ़ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार हलचल हरियाणवी, विजयपाल सेहलंगिया, मास्टर राम अवतार, दर्शना शर्मा जिज्ञासु ,अरविंद भारद्वाज, मोनिका यादव, डा. त्रिलोक चंद फतेहपुरी, सत्यवीर नाहड़िया व प्रोफेसर रोमिका बत्रा की नव प्रकाशित कृतियों का लोकार्पण भी किया गया तथा करीब दर्जन शिक्षण संस्थानों की प्रतिनिधियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

#### कार्यक्रम में इन लोगों ने दिया सहयोग

परिषद के महासचिव साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया के संचालन में आयोजित समारोह में आयोजन समिति की ओर से डा. प्रवीण खुराना, मनोज गोयल,अजय यादव, हेमंत सिंहल, संजय सहगल, आचार्य रामतीर्थ, तेजभान कुकरेजा, राजेश भुलक्कड़ मुकेश जांगड़ा, खूबराम धूपिया, अजय यादव व यतिन चारण ने सहयोग दिया। इस अवसर पर डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. रमेशचंद्र शर्मा, डा. राजकला देशवाल, राजेंद्र यादव आजाद, कैलाश करनावास, श्रीनिवास शास्त्री, सुधीर भार्गव, राजकुमार जलवा, अनिल कुमार, डा. कर्णसिंह, डा. जागीर नागर, डा. रामौतार एकलव्य, प्रेमपाल अनपढ़ व त्रिभुवन भटनागर सहित विश्वविद्यालय तथा केएलपी कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग की विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

---



रेवाड़ी। कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते पुलिस व कंपनी अधिकारी।

# नशे से दूर रहकर शिक्षा व खेलों से नाता जोड़े युवा: संजय

- पुलिस ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध व यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

वीरवार को धारूहेड़ा स्थित एक प्राइवेट कंपनी में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस अवसर पर सेक्टर-6 थाना धारूहेड़ा प्रभारी पीएसआई संजय ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध व यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। कार्यक्रम में धारूहेड़ा टीएपी इंचार्ज एसआई सुरेश कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर पीएसआई संजय ने कहा कि युवाओं में खेलो के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बने, क्योंकि आजकल नौजवान पीढ़ी नशे की लत में पड़ती जा रही है, जो की आने वाले समय में बहुत ही घातक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए शिक्षा व खेलो से नाता जोड़े।

#### यातायात नियम बताए

टीएपी इंचार्ज एसआई सुरेश कुमार ने कहा कि ट्रैफिक नियमों को अपनी रोजाना की जिंदगी में अपनाना बहुत जरूरी है और इसको नजर अंदाज करने से हमारे जीवन में बहुत से सड़क हादसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहने, घर से निकलते समय वाहन के पूरे कागजात जरूर चेक करें, लेट होने की बजाए समय से पहले चले। उन्होंने कहा कि कार चौपहिया वाहन चलाने से पहले सीट बेल्ट जरूर बांधनी चाहिए। सभी को सड़क पर सही साइड पर चलना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे। उन्होंने कहा कि सभी अपने नाबालिग बच्चों को गाड़ी चलाने न दे अन्यथा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है तथा प्रमुख मार्गों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान भी चलाए जा रहे है। सड़क हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का सही से पालन करना बेहद जरूरी है।

---

# पुलिस ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों व बचाव के प्रति किया जागरूक

- पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने वीरवार को गांव जाट सायरवास व जाटी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशा मुक्त टीम से एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। अगर आपके आसपास कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे ताकि अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सकें।

---

# छात्रों ने बड़ा तालाब सरोवर पर की साफ-सफाई

- पेंटिंग प्रतियोगिता में जितेश रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। हेरिटेज साइट पर सफाई अभियान में भागीदार बनते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा के तत्वावधान में विरासत की हिफाजत थीम के साथ डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र के संयोजन में जिला के पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोड़िया कमालपुर, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढी बोलनी, पीथडवास एवं गुड़ियानी के विद्यालयों से छठी से बारहवीं कक्षा के 50 विद्यार्थियों ने हेरिटेज साइट सोलाहराही तालाब एवं बड़ा तालाब का भ्रमण किया तथा श्रमदान कर साफ-सफाई की।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कराई गई, जिसमें छठीं से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी के जितेश ने प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीथड़ावास के आयुष ने द्वितीय व राजकीय मांडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोडिया कमालपुर की काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढी बोलनी के ईश्वर शर्मा ने प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोड़यिा कमालपुर हर्ष ने द्वितीय व राजकीय मांडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोड़यिा कमालपुर की पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अशोक कुमार नामवाल ने विद्यार्थियों को हेरिटेज साइट्स के महत्वता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार की क्रियाकलाप शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सहायक होते हैं और अपनी संस्कृति एवं संस्कार के ज्ञान में वृद्धि होती है। इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा एवं डीओसी अमित कुमार ने भी बच्चों का मार्गदर्शन दिया।

---

# पुलिस टीम ने सौ से ज्यादा पौधे लगाए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

सेवा पखवाड़ा में सामाजिक और जन-हितैषी अभियान चलाए जा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में पौधारोपण करते हुए पुलिस टीम।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में पुलिस की ओर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के सामाजिक और जन-हितैषी अभियान चलाए जा रहे है। अभियान के तहत स्वच्छता, पौधरोपण, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, साइबर सुरक्षा, रक्तदान और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। वीरवार को सेक्टर-6 थाना धारूहेड़ा प्रभारी पीएसआई संजय ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर आंकेड़ा मार्ग पर सड़क के दोनों ओर 100 से ज्यादा पौधे लगाए। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी को मिलकर पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन के लिए पौधरोपण करना चाहिए। इसके लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और संरक्षित करने की जरूरत है। आज बढ़ रहे प्रदूषण के कारण जीवन में साफ हवा की आवश्यकता बढ़ रही है। पौधे हमारे लिए ऑक्सीजन पैदा कर वातावरण को शुद्ध बनाते है।

---

# ग्राम पंचायतों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल



खंड विकास एंव पंचायत अधिकारी शुभम बेनीवाल के मार्गदर्शन में खंड बावल कि सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वीरवार को अभियान के तहत सभी पंचायतों के सदस्यों ने गांवों की गलियों की साफ सफाई की। ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए अभियान में सहयोग किया। सरपंच राधा देवी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में ग्रामीणों से घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर न फेंकने तथा गांव को साफ रखने में पंचायत का सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर ग्राम सचिव अमित कुमार, सरपंच प्रतिनिधि सुनील चौहान, सीपीएलओ ज्ञानेंद्र, पंच प्रीती, शशिबाला, मुरलीधर, पूनम व सजीव सहित आंगनबाडी कार्यकर्ता व अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

---



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री से अवार्ड लेते हुए चित्रकार सुरेन्द्र मोरवाल। *फोटो : हरिभूमि*

# चित्रकार सुरेन्द्र मोरवाल को स्टेट हैंडीक्राफ्ट अवार्ड मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

राज्य स्तरीय विश्वकर्मा जंयती समारोह का आयोजन रोहतक की अनाज मंडी में किया गया, जिसमें हरियाणा सरकार तथा सूक्ष्म, लघु उधम विभाग की ओर से हरियाणा के कलाकारों को विभिन्न विधाओं में स्टेट हैंडीक्राफ्ट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 6 कलाकारों को विभिन्न विधियों में प्रस्शति पत्र एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया। रेवाड़ी जिले के जाटूसाना निवासी प्रसिद्ध चित्रकार सुरेन्द्र मोरवाल को भी चित्रकला के क्षेत्र में स्टेट हैंडीक्राफ्ट अवार्ड में प्रशस्ति पत्र व 51 हजार रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। चित्रकार मोरवाल की इस उपलब्धि पर संगठनों व बुद्धिजीवी वर्ग ने बधाई दी है। चित्रकार सुरेंद्र मोरवाल इससे पहले भी कला के क्षेत्र में अनेक मेडल एवं अवार्ड जीत कर जिले व अपने गांव का नाम रोशन कर चुके हैं।

---

**सांस्कृतिक महोत्सव** | महोत्सव का शुभारंभ परंपरागत राम-राम की मंगल ध्वनि के साथ हुआ

# खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव में दिखी अपनत्व व संस्कृति की महक

संगवाड़ी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय महोत्सव का गरिमामयी ढंग से हुआ समापन

- पहले दिन कक्षा 5 से 8 के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया
- दूसरे दिन कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थीगण ने चार प्रमुख विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी





रेवाड़ी। ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी में खंड बावल का ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव उत्साह और धूमधाम से आयोजित हुआ। दो दिवसीय महोत्सव में जहां प्रतिभागियों की प्रतिभा को निखारने का काम हुआ, वहीं महोत्सव के दौरान हरियाणवी सांस्कृतिक धरोहर का प्रारूप भी देखने को मिला। वीरवार को महोत्सव का शुभारंभ परंपरागत राम-राम की मंगल ध्वनि के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को अपनत्व और संस्कृति की महक से भर दिया।

पहले दिन कक्षा 5 से 8 के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया, जबकि दूसरे दिन कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थीगण ने चार प्रमुख विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। महोत्सव की अध्यक्षता संगवाड़ी के सरपंच रामसिंह ने की, जबकि विद्यालय की प्राचार्या डा. ज्योत्स्ना यादव ने अपनी टीम के साथ आयोजन की अगुवाई की।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण हरियाणवी सांस्कृतिक धरोहर और लोक परंपराओं की जीवंत झलक रही। विशेष रूप से प्रस्तुत की गई गोबर से बनी सांझी का गोवर्धन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या डा.ज्योत्स्ना ने बताया कि बच्चों और अध्यापकों ने पूरे गांव के सहयोग से उन लोक परंपराओं को मंच पर उतारा, जो अब विलुप्ति की कगार पर हैं। यह पहल न केवल प्रोत्साहन योग्य है, बल्कि हमारी जड़ों से जोड़ने का सशक्त प्रयास भी है।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर तहसीलदार रमन कुंडू, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के पुत्र एडवोकेट निशांत यादव तथा डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया, धर्मबीर बल्ड़ोदिया व डा.प्रवीण खुराना सहित रंगकर्मी सतीश मस्तान, सुधीर यादव व मदन डागर सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद थे।